रजिस्टर्ड सं० डी—(डीएन)—73

REGISTERED NO. D—(DN)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 7] नई दिल्ली, शनिवार, फरवरी 14, 1987 (माघ 25, 1908)

No. 7] NEW DELHI, SATURDAY, FEBRUARY 14, 1987 (MAGHA 25, 1908)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गयी विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	169
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गयी सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	159
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	1
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गयी सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियां आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	239
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खण्ड 1—क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार के संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं	1295
भाग III—खण्ड 2—पेटेण्ट कार्यालय द्वारा जारी की गयी पेटेण्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस	113
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	--
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं, आदेश विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	905
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा विज्ञापन और नोटिस	21
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दिखाने वाला अनुपूरक	*

*पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई।

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court ..	169
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	159
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	1
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	239
PART II—SECTION I—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION I-A—Authoritative text in the Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India, (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) .	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
ART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	1295
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	113
PART III—SECTION 3—Notification issued by or under the authority of Chief Commissioners	—
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	905
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	21
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi .	*

* Folio Nos. not received.

भाग I—खण्ड 1
[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 5 फरवरी 1987

सं० 13-प्रे/87—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को "सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. श्रीमती इलाबेन नयनकुमार पटेल,
   बंगला नं 12, गंज विहार,
   नूतन पटीदार सोसायटी,
   जवाहर चौक, मणिनगर,
   अहमदाबाद।

4 फरवरी, 1984 को लगभग 6.00 बजे प्रातः साढ़े सात फुट लम्बा और ढाई फुट ऊंचा एक तेंदुआ जंगल से निकलकर घूमता-घूमता अहमदाबाद शहर में घुस आया तथा पांच व्यक्तियों को घायल करने के बाद श्रीमती इलाबेन नयनकुमार पटेल के घर में घुस गया जहां उसने उनके साढ़े तीन वर्षीय बच्चे पर हमला किया। श्रीमती इलाबेन ने असाधारण साहस दिखाया। उन्होंने केवल तेंदुए के जबड़ों से बच्चे को ही नहीं छीना वरन् तेंदुए को भी अपने घर के एक कमरे में अंदर बंद कर दिया। इस प्रकार वह इलाका वन्य जन्तु से मुक्त हो गया, बाद में चिड़ियाघर के अधिकारी तेंदुए को पिंजड़े में बंद करके ले गए। अहमदाबाद नगर-निगम ने श्रीमती पटेल को एक मान-पत्र, स्वर्ण पदक और 2,001.00/ रुपये का पुरस्कार दिया।

श्रीमती इलाबेन नयनकुमार पटेल ने तेंदुए की पकड़ से बच्चे को बचाने के अलावा उस हिंसक जंतु को अपने घर में बंद करने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

2. श्री स्वरूप कुमार दास, (मरणोपरांत)
   मार्फत, श्री एस० के० दास, हेड क्लर्क,
   गवर्नमेंट डिग्री कालेज, चिरमिरी,
   जिला सरगुजा, (मध्य प्रदेश)।

19 अगस्त, 1983, को सुरगुजा जिले में हसदो नदी के किनारे पर डिग्री कालेज, चिरमिरी के विद्यार्थियों का राष्ट्रीय सेवा योजना के अधीन शिविर लगा हुआ था। वहां नदी में स्नान करते हुए एक विद्यार्थी, श्री चित्तरंजन विश्वास अपना संतुलन नहीं रख सके और नदी में बहने लगे। उनके सहपाठी, श्री स्वरूप कुमार दास, उन्हें बचाने के लिये तुरन्त पाने के कारण, श्री दास स्वयं भी डूबने लगे। नदी के किनारे पर खड़े कुछ विद्यार्थी घटनास्थल की ओर दौड़े लेकिन वे असहाय खड़े रह गये क्योंकि उनमें से किसी को भी तैरना नहीं आता था। तथापि, एक आदिवासी लड़का नदी में कूद पड़ा और श्री दास को पानी से बाहर निकाल लाया। उन्हें मनेन्दर गढ़ के सेंट्रल अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

श्री स्वरूप कुमार दास ने अपने सहपाठी का जीवन बचाने के प्रयास में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया और इस कार्य में अपनी स्वयं की जान गंवा दी।

3. श्रीमती मन्दिरा हुंडू, (मरणोपरांत)
   मार्फत, डा० एस० आर० मारवाह,
   बूज एन्कलेव,
   वाराणसी–221005

4. श्री अली जुनेद खान,
   एस० 20/57, कैनेडी रोड,
   वाराणसी कैंट–221002

3 नवम्बर, 1985, को सेंट जान स्कूल की दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों का एक ग्रुप अपने अध्यापकों के साथ पिकनिक पर राजदारी जल-प्रपात गया। दोपहर के भोजन के बाद लगभग 1.30 बजे ग्रुप के कुछ लड़के और लड़कियां जल-प्रपात के ऊपर चलते हुए खेलने लगे। एक विद्यार्थी कुमारी अनुराधिका तनेजा, पानी में फिसल गई और वह तेज धारा में बहने ही वाली थी, जो उस दिन विशेषकर काफी तेज थी क्योंकि उस दिन बांध के जलद्वार खुले थे। कुमारी अनुराधिका को डूबते हुए देखकर एक अध्यापिका श्रीमती मन्दिरा हुंडू बालिका को बचाने के लिये पानी की तेज धारा में कूद पड़ीं, हालांकि वे स्वयं भी तैरना नहीं जानती थीं, इसके बाद वह सहायता के लिये चिल्लाईं इस पर श्री अली जुनेद खान ने तुरन्त पानी में छलांग लगा दी और कुमारी तनेजा को निकाल लाए। लड़की को बचाने के बाद वे श्रीमती मन्दिरा हुंडू की मदद के लिये वापस गए, जिन्हें दुर्भाग्य से उस समय तक प्रपात की तेज धारा गहरे पानी में ले गई थी और वे डूब रहीं थीं। उन्हें बाहर निकालने का श्री खान का प्रयास असफल हो गया, उन्होंने एक बांस के डंडे और रस्सी की व्यवस्था की और श्रीमती हुंडू को बचाने का प्रयास किया। चूंकि यह एक निष्फल और जोखिम भरा काम था, इसलिये पिकनिक दल

न

सतह पर पड़ी शिथिल चट्टानों की सहायता से आगे बढ़े। अंततोगत्वा, वे श्रीमती हुंडू के पास पहुंचने में सफल हो गये, जो तब तक पानी में डूब चुकी थीं, और वे उनके शरीर को चट्टानों के बीच से बड़ी मुश्किल से निकाल कर लाए। इस काम में श्री खान को जल-प्रपात के उस किनारे के अत्यंत निकट जाना पड़ा, जहां से पानी एक अत्यंत गहरी तंग घाटी में गिर रहा था और जो इस युवा और बहादुर लड़के के लिये गंभीर खतरे का कारण बन सकता था।

श्रीमती मन्दिरा हुंडू और श्री अली जुनेद खान दोनों ने अपनी-अपनी जान की परवाह किए बगैर जल-प्रपात में बहती हुई कुमारी तनेजा का जीवन बचाने में उत्कृष्ट साहस और तत्परता का परिचय दिया जिसमें श्रीमती मन्दिरा हुंडू को अपने जीवन का बलिदान करना पड़ा।

5. श्री दीपक दिगम्बर देवपुजारी, (मरणोपरांत)
मार्फत श्रीमती नैना देवपुजारी,
(नांन-लेंग्वेज टीचर),
मकान नं० 63/3, टाइप–II,
आर्डनेंस फैक्टरी भानदरा इस्टेट,
जवाहर नगर,
भानदरा–441906

आर्डनेंस फैक्टरी भानदरा के भूतपूर्व चार्जमैन, श्री डी० डी० देवपुजारी को 15 जून, 1985, को सर्विसेज स्टोर के निर्माण के लिये अपेक्षित विस्फोटक पदार्थ निट्रोसेल्यूलोस और निट्रोग्लैसरीन की डीवार्टरिंग की देख-रेख करने के लिये रोका गया था। उन्होंने अपनी निगरानी और मार्ग-दर्शन के अधीन डीवार्टरिंग आपरेशन को क्रियान्वित करने के लिये तीन डेंजर बिल्डिंग वर्कर्स को विशेष काम सौंपे। जब काम चल रहा था, तब विस्फोटक पदार्थ में अचानक आग लग गई और लगभग पूरे प्रोसेस रूम को अपने घेरे में ले लिया। जैसे ही आग लगने का पता चला, एक डेंजर बिल्डिंग वर्कर आग-आग चिल्लाता हुआ सुरक्षा के लिये तुरंत बाहर की ओर दौड़ा, उसके पीछे श्री देवपुजारी तथा एक और वर्कर भी बाहर निकला। दोनों आग से झुलस गए थे। श्री देवपुजारी ने अभी अपने जले हुए कपड़ों को अलग करना शुरू ही किया था, तभी उन्हें ध्यान आया कि तीसरा डेंजर बिल्डिंग वर्कर प्रोसेस रूम से बाहर नहीं निकला है उस पर, अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर, श्री देवपुजारी आग में फंसे वर्कर को बचाने के लिये प्रोसेस कक्ष में पुनः प्रविष्ट हो गये। इस प्रक्रिया में श्री देवपुजारी को बुरी तरह अर्थात् 70 प्रतिशत जलने के घाव हो गये। बाद में, 17 जून, 1985, को जख्मों के कारण उनका निधन हो गया, दो डेंजर बिल्डिंग वर्कर्स की भी मृत्यु हो गई।

देवपुजारी ने जलते हुए कक्ष के भीतर फंसे वर्करों को बचाने के लिये किये प्रयास में उत्कृष्ट साहस और तत्परता का परिचय दिया और इस प्रक्रिया में अपना अमूल्य जीवन न्योछावर कर दिया।

सं० 14-प्रेज/87—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को "उत्तम जीवन रक्षा पदक" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. श्री महिमानन्द,
मोहल्ला चौतरा,
जिला चम्बा (हिमाचल प्रदेश)।

श्री महिमानन्द ने नीचे दिये चार अवसरों पर रावी नदी में डूबने से पांच व्यक्तियों की जानें बचाईं :—

1. श्री महिमानन्द ने जनवरी, 1981, में रावी नदी में एक दुकानदार को डूबने से उस समय बचाया जब उसका ट्रक जिसमें वह जा रहा था नदी में गिर गया।

2. उन्होंने 27 फरवरी, 1982, को भगत और राम हाकम चंद नामक दो अन्य व्यक्तियों की सहायता से श्रीमती श्रेष्ठ कुमारी की जान बचाई जो फिसल कर नदी में जा गिरी थी।

3. 8 जनवरी, 1986, को यह सुनकर कि कोई व्यक्ति रावी नदी में गिर गया है और वह नीचे की ओर बहता जा रहा है वह अपनी जान को जोखिम में डालकर उसकी सहायता के लिये गये और उस व्यक्ति को पानी से बाहर निकाल लाये।

4. स्थानीय आई० टी० आई० के प्रिंसिपल की लड़कियां कुमारी हरप्रीत कौर और कुमारी रविन्दर कौर 14 फरवरी, 1986, को रावी नदी में कूद गई थीं। यह सूचना मिलते ही श्री महिमानन्द ने बड़ी तत्परता बरती और हरप्रीत कौर को बचा लिया। उसे सिविल अस्पताल, चम्बा में दाखिल कराया गया लेकिन बाद में अत्याधिक सर्दी लग जाने और चोटें आने से उसकी मृत्यु हो गई। तथापि कुमारी रविन्दर कौर को बचा लिया गया।

श्री महिमानन्द ने अपनी जान के खतरे की परवाह न करते हुए चार अवसरों पर रावी में डूबने से पांच व्यक्तियों की जानें बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया। उन्होंने अपने साथी व्यक्तियों के प्रति आत्मत्याग की भावना और दया का प्रदर्शन किया।

2. श्री राम चरण,
गांव कोटरा, पुलिस स्टेशन जखौरा
जिला ललितपुर (मध्य प्रदेश)।

13 अप्रैल, 1982, को जब महिलाओं और बच्चों समेत तेरह मजदूर मछली पकड़ने की नौका में बेतवा नदी पार कर रहे थे तो अचानक उनकी नौका भारी तूफान के कारण मझधार में फंस गई। नौका में सवार सभी व्यक्ति नदी में गिर पड़े और डूबने लगे। श्री राम चरण जो उस समय नदी किनारे बैठे थे, ने उन व्यक्तियों की दुर्दशा देखी

जो अपनी जानें बचाने के लिये संघर्ष कर रहे थे। हालांकि श्री राम चरण शारीरिक दृष्टि से विकलांग हैं फिर भी वह पास पड़ी एक टूटी नौका में सवार हुए और डूबते हुए व्यक्तियों के पास पहुंचे। एक-एक करके उन्होंने उन व्यक्तियों को नौका में खींचा और इस तरह आठ व्यक्तियों की जानें बचा लीं।

शारीरिक रूप से विकलांग होते हुए श्री राम चरण ने आठ व्यक्तियों को डूबने से बचाने में उत्कृष्ट साहस और तत्परता का परिचय दिया और ऐसा करने में उन्होंने अपनी परिसीमाओं और अपनी जान के खतरे की भी परवाह नहीं की।

3. श्री आनन्द कुमार रतूरी, (मरणोपरांत)
मार्फत श्रीमती गायत्री देवी रतूरी,
गांव छटकोट, पट्टी इदबलसीयून,
डाकखाना खाड़ा,
जिला पौड़ी गढ़वाल।

11 दिसम्बर, 1983, को एक आठ वर्ष आयु की लड़की कुमारी उमा नगर के भूतपूर्व नरेश के महल में बने पानी के टैंक में गिर गई। श्री आनन्द कुमार रतूरी जो संयोगवश उस समय वहीं थे, लड़की को बचाने के लिये तत्काल पानी के टैंक में उतरे। तथापि दुर्भाग्यवश टैंक में फिसलन होने के कारण वह अपने पैर नहीं जमा सके और लड़की के साथ ही डूब गये।

श्री आनन्द कुमार रतूरी ने लड़की को डूबने से बचाने के साहसिक प्रयास में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया उन्हें हालांकि इसके लिये अपनी जान भी गंवानी पड़ी।

4. श्री अजय इंडीयन,
148 सिविल लाईन्स,
बरेली (उत्तर प्रदेश)।

22 जुलाई, 1984, को श्री विजय इंडियन, गायक रात करीब 9.00 बजे रिहर्सल के बाद अपने साथी गायकों को विदा करने अपने घर से बाहर आये। उनके घर से करीब 10–12 गज दूर एक कोबरे ने जो सड़क पार कर रहा था एक लड़की की टांग को चारों ओर से घेरा डालकर लपेट लिया और उसको काटने ही वाला था। श्री इंडीयन तेजी से दौड़े और उन्होंने कोबरे को उसकी गर्दन से पकड़ लिया। लड़की की टांग को उसकी पकड़ से छुड़ाने के लिए उन्होंने सांप को जोर से खींचा और इस तरह वह कोबरा की पकड़ से लड़की को बचाने में सफल हो गये लेकिन कोबरा ने उन्हें काट लिया इतना होने पर भी उन्होंने सांप को छोड़ा नहीं और उसे एक लकड़ी के बक्से में बंद कर दिया (बाद में वह बक्सा लखनऊ चिड़ियाघर के प्राधिकारी ले गये)। श्री अजय बेहोश होकर गिर पड़े और उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उन्हें ला-इलाज घोषित कर दिया। पास के गांव से एक सपेरे को तत्काल बुलाया गया और अपनी जड़ी-बूटियों की सहायता से वह श्री अजय को बचाने में सफल हुआ।

श्री अजय इंडियन ने खतरनाक कोबरा के चंगुल से लड़की की जान बचाने में असाधारण उत्साह, तत्परता और सूझ-बूझ का परिचय दिया और ऐसा करने में उन्होंने अपनी जान के खतरे की भी परवाह नहीं की।

सं० 15/प्रेज/87—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को "जीवन रक्षा पदक" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. श्री बनजा तुलसी छगन,
नगर पालिका फायर स्टेशन,
जूनागढ़, गुजरात।

जून, 1983 में असाधारण वर्षा और इसके परिणाम-स्वरूप आई बाढ़ के कारण जूनागढ़ शहर गंभीर रूप से प्रभावित हुआ। इसमें नेहरू पार्क सोसाइटी, गोवर्धननगर सोसायटी नं० 2, एस० टी० वर्कशाप के उत्तरी क्षेत्र जूनागढ़, काणी विश्वनाथ सोसायटी तथा दानपीठ सोसायटी के निवासियों को बहुत ही गंभीर खतरा पैदा हो गया। जूनागढ़ नगर पालिका के कर्मचारी श्री बनजा तुलसी छगन ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों के असहाय निवासियों को बचाने का कार्य अपने हाथ में लिया जो कि 8 फिट गहरे पानी में थे। श्रेष्ठ तैराक होने के कारण, वह रस्सी की सहायता से 18 व्यक्तियों की जानें बचाने में सफल रहे। एक बार तो उनकी पकड़ छूट गई और ऐसा लगा कि वह स्वयं ही डूब जायेंगे लेकिन प्रतिकूल परिस्थितियों से भयभीत न होकर उन्होंने अन्य व्यक्तियों को बचाने के अपने नेक इरादे से बचाव कार्य जारी रखा।

श्री बनजा तुलसी छगन ने अपनी जीवन की बिल्कुल परवाह न करते हुए 18 असहाय लोगों की जान बचाने में अपूर्व साहस और तत्परता का परिचय दिया।

2. श्री डाल मामद खामिसा,
पिपलाना, बाया बनथली,
जिला जूनागढ़, गुजरात।
3. श्री साधु रसिकलाल रामचरणदास,
ता० पिपलाना, बाया बनथली,
जिला जूनागढ़, गुजरात।

जून, 1983, में बहुत ज्यादा वर्षा और तेज बाढ़ के कारण जूनागढ़ शहर गंभीर रूप से प्रभावित हुआ और पिपलाना ग्राम तो सबसे अधिक प्रभावित ग्रामों में से एक था। हरिजनवास के 150 निवासी फंसे हुए थे और उनकी जानें संकट में थीं। श्रीश्री डाल मामद खामिसा और साधु रसिकलाल रामचरणदास ने पहल की और असहाय ग्रामवासियों को बचाने के लिये बचाव कार्य का आयोजन किया। वे अपनी कमर में रस्सी बांध कर बाढ़ के पानी में कूद गए और उन्होंने 150 व्यक्तियों को डूबने से बचाया।

श्री डाल मामद खामिसा और श्री साधु रसिकलाल रामचरणदास ने अपने जीवन की बिल्कुल परवाह न करते हुए 150 बाढ़ पीड़ितों की जानें बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

4. श्री हरजी भाई पीठाभाई जादव,
तालती तथा मंत्री, पाडाराडी (थाड़),
ता० मानवदार, जिला जूनागढ़, गुजरात।

जून, 1983 में बहुत ज्यादा वर्षा और तेज बाढ़ के कारण जूनागढ़ शहर गंभीर रूप से प्रभावित हुआ और पाड़ाराडी, सबसे ज्यादा प्रभावित हुए ग्रामों में से एक था। ग्राम के पटवारी श्री हरजीभाई पीठाभाई जादव असहाय ग्रामीणों की अमूल्य सेवा के लिये इस अवसर पर आगे आये। वह 5 फुट गहरे, तेज बहते हुए बाढ़ के पानी में कूद पड़े और पाडाराडी ग्राम के हरिजनवास के 30 निवासियों को बचा लिया। उन्होंने क्षति के बारे में तालूक मुख्यालय को भी तत्काल सूचना दी।

श्री हरजीभाई पीठाभाई जाधव ने अपनी जान की परवाह न करते हुए 5 असहाय ग्रामीणों की जान बचाने में असाधारण साहस और तत्परता दिखाई।

5. श्री मोहिन्दर पाल शर्मा,
एल० एल० बी० के तीसरे सत्र के छात्र,
विधि संकाय,
जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू।

28/29 अक्तूबर, 1983 को रात में श्री मोहिन्दर पाल शर्मा वैष्णो देवी की तीर्थयात्रा से लौट रहे थे। रास्ते में उन्होंने एक लड़की को लड़खड़ाते हुए और पहाड़ी की तरफ गिरते हुए देखा। वह तुरन्त कूद पड़े और लड़की को पीछे से पकड़ लिया व उसे एक सुरक्षित स्थान पर ले आये। ऐसा करते समय वह अपना संतुलन खो बैठे और लोहे की रेलिंग पर गिर पड़े जिसका एक टुकड़ा उनकी बाजू में घुस गया।

24 मार्च, 1984 को श्री सुदर्शन सिंह, जो कि एक स्कूटर पर सवार थे, बी० एस० एफ० पुल प्लौरा (जम्मू) के समीप एक जीप से टकरा जाने के बाद एक नाले में गिर गए। उस समय श्री मोहिन्दर पाल शर्मा एक मैटाडोर में वहां से गुजर रहे थे। वह भीड़ को देखकर वहां गये और दुर्घटना का पता चलते ही शीघ्र ही नाले के भीतर गए तथा दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को उठा लिया, जिसमें से खून बह रहा था और वह बेहोश था। वह उसे सड़क पर ले आये। अंधेरा होने और आसपास कोई चिकित्सा सहायता उपलब्ध न होने के कारण श्री शर्मा एक जीप में लिफ्ट लेकर उसे जम्मू स्थित एस० एम० जी० एस० अस्पताल ले गए।

श्री मोहिन्दर पाल शर्मा ने अपनी जान के खतरे की परवाह न करते हुए दोनों अवसरों पर निःसहाय पीड़ितों की जान बचाने में अपूर्व साहस और तत्परता दिखाई।

6. मास्टर अशोक शेशप्पा बिन्नल,
ग्राम लुक्कुंडी, तालुक डाडाग,
जिला धारवाड़, कर्नाटक।

26 अप्रैल, 1983 को कुमारी शारदाव्वा, जिसकी आयु 10 वर्ष थी, पानी लाने के लिये अपनी मां के साथ लुक्कुंडी ग्राम में एक कुंए पर गई। अचानक, बालिका उस कुंए में गिर गई। मास्टर अशोक बिन्नल, जो कि पास ही में खेल रहे थे, को इसका पता लगते ही वह तुरंत कुंए में कूद गये और बालिका को बचा लिया।

इस प्रकार मास्टर अशोक शेशप्पा बिन्नल ने अपने जीवन के खतरे की परवाह न करते हुए बालिका को डूबने से बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

7. श्री पंचाक्षरी स्वामी,
होम गार्ड, के० आर० नगर यूनिट,
बेदाराहल्ली ग्राम, के० आर० नगर,
तालुक, मैसूर जिला, कर्नाटक।

18 सितम्बर, 1985 को बेत्ताडपुरा की निवासी, 36 वर्षीय श्रीमती राधम्मा श्रीमती पुत्तम्मा (40 वर्षीय) के साथ बेदाराहल्ली जा रही थीं। पानी पीते समय श्रीमती राधम्मा अचानक ही बेदाराहल्ली के समीप चम राजा लैफ्ट कैनाल में गिर गई। श्रीमती पुत्तम्मा भी अपनी साथिन को बचाने के प्रयत्न में कैनाल में गिर गईं और दोनों महिलाएं 25 फुट गहरे कैनाल में डूबने लगीं। वे सहायता के लिये चिल्लाईं। श्री पंचाक्षरी स्वामी ने, जो संयोगवश उस रास्ते से गुजर रहे थे, यह आवाज सुनी तो वह शीघ्र ही कैनाल में कूद गये और दोनों महिलाओं को बचा लिया। उन्होंने शीघ्र ही उन अर्द्ध-मूर्छित महिलाओं का ग्रामवासियों की मदद से प्राथमिक उपचार भी किया।

श्री पंचाक्षरी स्वामी ने अपने जीवन की परवाह न करते हुए डूबती हुई महिलाओं को बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

8. मास्टर राजेन्द्र जयवंत पेडनेकर
गवर्नमेंट माडल स्कूल फार ब्वायज़
कोडीबाग कारवर जिला कर्नाटक।

26 अगस्त 1983 को कोडीबाग स्थित गवर्नमेंट माडल प्राइमरी स्कूल फार ब्वायज़ की दूसरी कक्षा का एक छात्र मास्टर आत्मा राम वायन पेडनेकर अचानक ही स्कूल कंपाउंड में एक पुराने कुएं में गिर गया। कुंए में साइड की दीवारें नहीं थीं और भारी वर्षा के कारण डूबा हुआ था। इस घटना को देखते ही 7वीं कक्षा के छात्र मास्टर राजेन्द्र जयवंत पेडनेकर ने कुएं में छलांग लगा दी और डूबते हुए बालक को बचाने में सफल हुए।

मास्टर राजेन्द्र जयवंत पेडनेकर ने अपने जीवन की परवाह न करते हुए डूबते हुए बालक को बचाने में असाधारण साहस और तत्परता का परिचय दिया।

9. श्री रंगास्वामी
शांतीग्राम डुड हुबली
हसन जिला
कर्नाटक ।

28 अक्तूबर 1982 को शांतीग्राम गांव की एक 12 वर्षीय लड़की कुमारी रत्नम्मा पानी निकालते हुए अचानक ही कुएं में गिर गई । यह देखकर वहां खड़ी दूसरी लड़की सहायता के लिए चिल्लाई । कई लोग एकत्र हो गए परन्तु किसी ने भी बालिका को बचाने की हिम्मत नहीं की । 80 फुट गहरे कुएं में असहाय डूबती हुई बालिका को देखकर श्री रंगास्वामी ने तत्काल कुएं में छलांग लगा दी और उसकी जान बचायी ।

श्री रंगास्वामी ने अपने जीवन की परवाह न करते हुए डूबती बालिका को बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता दिखाई ।

10. श्री सोफन
मार्फत श्री एस० डी० काम्बले
डाकखाना व मुकाम नासलपुर
तालुक राईबाग, जिला बैलगांव
कर्नाटक ।

12 मई 1983 को, श्रीमती शानाक्का पानी लेने के लिए कुएं की तरफ जा रही थी । सीढ़ियों के जरिए कुएं के पास जाते समय उनका पैर फिसल गया और वह कुएं में गिर गईं । कुएं में पानी की सतह भूमि तल से लगभग 60 फुट थी और पानी की गहराई लगभग 30 फुट और थी । श्री सोफन ने देखा कि महिला अपनी जान बचाने के लिए हाथ-पैर मार रही है । वह तत्काल कुएं में कूद पड़े और उसे डूबने से बचा लिया ।

श्री सोफन ने स्वयं अपनी जान के खतरे की परवाह न करते हुए डूबती हुई महिला की जान बचाने में उत्कृष्ट साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

11. श्री डोमीनिक जैकब
कलापरामिल हाऊस
कुट्टुमकल—डाकखाना, सलेरमाला
उडुमबन्चोला तालुक, इडुक्की जिला
केरल ।

20 दिसम्बर 1982 को एस० डी० ए० इंगलिश हाई स्कूल नेडुमकन्डाम का एक दस वर्षीय छात्र मास्टर बिजूमन अचानक स्कूल के कुएं से पानी निकालते समय उसमें गिर गया । कुएं में पानी की सतह भूमि—तल से लगभग 10 फुट नीचे थी और घटना के समय पानी की गहराई लगभग 6 फुट थी । दुर्घटना को देखकर उसी स्कूल के दसवीं कक्षा के एक छात्र श्री डोमीनिक जैकब तत्काल कुएं में कूद पड़े और लड़के को डूबने से बचा लिया । जो लोग इस घटना को देख रहे थे उन्होंने रस्सी की सहायता से दोनों लड़कों की कुएं से बाहर आने में सहायता की ।

श्री डोमीनिक जैकब ने स्वयं अपनी जान के खतरे की परवाह न करते हुए मास्टर बिजूमन की जान बचाने में उत्कृष्ट साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

12. श्री जान लारेंस,
थोटाथिल वीडू, नीनडाकारा मुरी
नीनडाकारा ग्राम, करुणागपल्ली तालुक
क्वीलोन जिला केरल ।

21 अगस्त 1985 को सवेरे हर रोज की तरह नैडाकारा में लगभग 100 देसी नावें अरब सागर में मछली पकड़ने के लिए रवाना हुईं । जब वे मछली पकड़ने के लिए रवाना हुए थे तो उस समय सागर सामान्य था । शीघ्र ही सागर अशांत हो गया और अचानक तूफान आ गया तथा मछियारों ने वापिस तट की ओर लौटने का प्रयत्न किया । किन्तु वे तूफान में घिर गए थे । लहरें 2½ से 3 मीटर ऊंची उठ रही थीं जिससे अनेक यन्त्रचालित मछली—डोंगे टूट गए । लगभग 20 देसी नावें टूट गई थी और लगभग 150 मछियारे अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष कर रहे थे । उनकी दुर्दशा देखकर श्री जान लारेंस तूफानी समुन्द्र को चुनौती देते हुए तत्काल अपनी स्वयं की नाव में समुन्द्र में रवाना हुए । उन्होंने समुन्द्र में कई चक्कर लगाए और उन अनेक मछियारों को बचा लिया जो अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष कर रहे थे । एक छोटी सी नाव के साथ अशांत तथा खतरनाक समुन्द्र में जाने की हिम्मत करके श्री जान लारेंस ने स्वयं को भारी खतरे में डाला था और इस प्रक्रिया में उनको शारीरिक चोटें भी आईं थी और उनकी नाव को भारी नुकसान पहुंचा था ।

श्री जान लारेंस ने अपनी जान के खतरे की परवाह न करते हुए समुन्द्र में डूबने से कई जानें बचाने में उत्कृष्ट साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

13. श्री कारुथकुंजु नानु
वलिया चंगातारा आदिमुरिइल वीडु
वालीकोडे—कोट्टायम
पतनमतिट्टा जिला
केरल ।

24 मार्च 1985 को 65 वर्षीय श्री कारुथकुंजु नानु और श्रीमती पंकजाक्षी जो लगभग 63 वर्ष की हैं अपने पड़ोस के नारियल के बाग में थे और नारियल तोड़ने का काम चल रहा था । एक नारियल बाग में स्थित कुंए में गिर गया और श्रीमती पंकजाक्षी कुएं के आर-पार रखे हुए लकड़ी के लट्ठे पर खड़े होकर कुएं में झांकते फिसल गईं और 45 फुट गहरे कुएं में गिर गईं जिसमें पानी का स्तर 5 फुट गहरा था और जिसका तल कीचड़दार था । वह कीचड़दार पानी में डूबने लगीं और जीवन के लिए संघर्ष करने लगीं । इसे देख कर श्री कारुथकुंजु नानु बिना अपनी आयु का विचार किए तत्काल कुएं में उतर गए और महिला को पकड़ लिया और उसे पानी के ऊपरी तल तक ले आए जिसमें लगभग 45 मिनट लगे । इस बीच अन्य मौजूद लोगों

ने रस्सी से बंधी हुई एक कुर्सी कुएं में लटका दी। उन्होंने उसे (महिला को) कुर्सी पर बैठा दिया और कुएं के नज़दीक खड़े अन्य व्यक्तियों ने उसे सुरक्षित ऊपर खींच लिया।

श्री कारुथकुंजु नानु ने स्वयं अपनी जान के खतरे की परवाह किए बिना बूढ़ी महिला की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

14. कुमारी खादीजा
पुत्री श्री अलीयार
अराकल पलारीमंगलम
पोथानीकाड ग्राम
अरणाकुलम जिला
केरल।

15 सितम्बर 1984 को 4 1/2 वर्ष की आयु का एक बच्चा मास्टर मोहम्मद अचानक अपने मकान के प्रांगण वाले कुएं में गिर गया जो भूमि तल से 28 फुट नीचे था और जिसमें 5 फुट गहरा पानी था। उसकी 12 वर्षीय बहन कुमारी खादीजा जो पड़ोस के मकान में मौजूद थी ने इस घटना को देख लिया था। वह तत्काल सहायता के लिए चिल्लाती हुई कुएं की तरफ दौड़ी और अपने डूबते हुए भाई को बचाने के लिए कुएं में कूद पड़ी। चिल्लाने की आवाज़ सुन कर पड़ोसी वहां इकट्ठे हो गए और लड़की को कुएं में डूब रहे बच्चे को पकड़े हुए देखा। कुमारी खादीजा के चाचा श्री अब्दुल रहमान कुएं की तरफ दौड़े और उन्होंने उस रस्सी को कुएं में फेंका जिसे पानी निकालने के काम में इस्तेमाल किया जाता था। लड़की ने रस्सी को पकड़ लिया और कुएं की दीवार का सहारा ले लिया। इसी बीच एक बांस की सीढ़ी कुएं में नीचे लटकाई गई जिसकी सहायता से कुमारी खादीजा अपने भाई सहित ऊपर चढ़ आई।

कुमारी खादीजा ने अपनी जान के खतरे की परवाह न करते हुए कुएं में डूबते हुए अपने भाई की जान बचाने में उत्कृष्ट साहस और तत्परता का परिचय दिया।

15. श्री रामचन्द्र अय्यर चन्द्रशेखर,
बाईपू मैडम, बालोंचूज़ी,
डाकखाना—मालासोरी,
पतनमतिट्टा जिला, केरल।

28 जून, 1985 को, दो मध्यम आयु व्यक्ति, सर्वश्री एस० मोहनन और के० योहानन एक बेड़े के रूप में इकट्ठे बंधे हुए कुछ जलाऊ लकड़ियों के टुकड़ों को पकड़े हुए बाढ़ग्रस्त अच्चनकोइल नदी पार कर रहे थे। तेज बहती धारा के कारण बेड़ा टूट गया। दोनों पानी में बह रहे थे और 30 फुट गहरे पानी में अपनी जानें बचाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। सहायता के लिए उनकी चिल्लाने की आवाज़ को सुनकर नदी के किनारे बहुत से व्यक्ति एकत्रित हो गए थे। 17 वर्षीय श्री रामचन्द्र अय्यर चन्द्रशेखर तत्काल नदी में कूद पड़े और उनकी तरफ तैर कर गए और उन्हें सुरक्षित किनारे पर ले आए।

श्री रामचन्द्र अय्यर चन्द्रशेखर ने अपनी जान के खतरे की परवाह न करते हुए, दो व्यक्तियों की जानें बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

16. मास्टर सरामब्बिकल कृष्णनकुट्टी रणदीप,
डाकखाना थामारयूर, वाया चवाक्कड,
त्रिचूर जिला, केरल।

19 सितम्बर, 1985 को श्री कृष्ण हाई स्कूल, गुरुवायूर के छात्र मास्टर रणदीप (आयु 14 वर्ष) और मास्टर एस० साथीसन् (आयु 9 वर्ष) अन्य लड़कों के साथ स्कूल के समीप एक तालाब पर अपने हाथ और खाने के डिब्बे धोने के लिए गए। ऐसा करते हुए, मास्टर साथीसन, जोकि तैरना नहीं जानते थे, तालाब में गिर गए। वर्षा ऋतु का समय था और तालाब में पानी की गहराई लगभग 30 फुट थी। तालाब में लड़के को जीवन से संघर्ष करते हुए देखकर मास्टर रणदीप शीघ्र ही उसमें कूद गए और उस लड़के को कमीज के कालर से पकड़कर सुरक्षित खींच लाए।

इस प्रकार मास्टर सरामब्बिकल कृष्णकुट्टी रणदीप ने अपनी जान के खतरे की परवाह न करते हुए डूबते हुए लड़के को बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

17. कुमारी गंगा बाई,
पुत्री श्री गजबलाल सज्जन,
गोदारपुरा (डाकखाना ओंकारेश्वर)

24 जून, 1985 को सायं लगभग 4 बजे एक धोबी श्री गजबलाल सज्जन की 13 वर्षीय पुत्री कुमारी गंगा बाई नर्मदा नदी के किनारे कपड़े धो रही थी। एक अन्य परिवार, जिसमें मां, पुत्र व दो पुत्रियां थीं, वहां पर नहा रहा था। अचानक ही बालक, जो कि 10 वर्ष का था, गहरे पानी में फिसल गया और डूबने लगा। उसकी दोनों बहनों ने उसे बचाने का प्रयत्न किया लेकिन वे भी धार की चपेट में आ गईं और डूबने लगीं। तीनों बच्चों को डूबता देखकर उनकी मां सदमे से बेहोश हो गई। यह देखकर गंगा बाई अपने जीवन की परवाह न करते हुए शीघ्र ही नदी में कूद गई और तीनों बच्चों को डूबने से बचाने में समर्थ रहीं।

बहुत ही छोटी आयु में कुमारी गंगा बाई ने अपनी जान के खतरे की परवाह न करते हुए तीनों बच्चों की जानें बचाने में अद्वितीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

18. श्री हेम राज पवार,
होम गार्ड नं० 50—क,
मार्फत जिला कमांडेंट,
होम गार्ड्स, बैतुल (म० प्र०)।

22 जून, 1985, को कुमारी शबाना, जोकि गवर्नमेंट कालेज, बैतुल, में एल० एल० बी० की परीक्षा में बैठी थीं, ने आत्महत्या के इरादे से कैम्पस में बने कुएं में अचानक छलांग लगा दी। आसपास में उपस्थित कुछ छात्रों ने इस घटना को देखा और वे सहायता के लिए चिल्लाए। उनकी आवाज को सुनकर, श्री हेमराज पवार, जोकि परीक्षा के दौरान

अनुशासन बनाए रखने के लिए कालेज कैम्पस में कम्पनी क्वार्टर मास्टर हवलदार रेवाराम के साथ ड्यूटी पर थे, घटनास्थल पर पहुंचे और शीघ्र ही कुएं में कूद गए जोकि जमीन के स्तर से लगभग 40 फुट नीचे था और जिसमें पानी की गहराई 15 फुट थी। उन्होंने लड़की को बालों से पकड़ लिया और कुएं की दीवार के सहारे से डूबती हुई लड़की व स्वयं को पानी की सतह से ऊपर रखा।

इसी बीच कुएं में एक रस्सी डाली गई। कुएं के आसपास एकत्र हुए लोगों ने लड़की को कुएं से खींच लिया। दो होम गार्डों ने उसको प्राथमिक चिकित्सा दी।

श्री हेम राज पवार ने अपने जीवन के खतरे की परवाह न करते हुए लड़की की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

19. श्री विक्रम सिंह यादव,
पुत्र श्री गेसुलाल यादव, चपरासी,
जिला केन्द्रीय सहकारिता बैंक,
सिहोर (म० प्र०)।

12 मई, 1985, को लगभग 11 बजे (पूर्वाह्न) तीन युवक श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह, श्री राजेन्द्र प्रताप सिंह और श्री जय प्रकाश सिंह, सीवन नदी, चंदवीर पुल के पास नहाने के लिए गए। इस स्थान पर पानी की गहराई लगभग 30–32 फुट थी। नहाते समय, अचानक श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह डूबने लगा। उसको बचाने के लिए अन्य दोनों लड़के नदी में कूद पड़े। तीनों लड़के तैरना नहीं जानते थे। श्री विक्रम सिंह, जो स्कूल कैंपस के पास कुछ पढ़ रहे थे, सहायता के लिए उनके चिल्लाने की आवाज को सुनकर दुर्घटना स्थल की ओर दौड़े। पुल पर काफी संख्या में लोग इकट्ठे हो गए थे परन्तु किसी में भी यह साहस नहीं था कि नदी में कूद कर डूबते हुए लड़कों को बचा सकें। श्री विक्रम सिंह ने, अपनी जान की परवाह किए बिना, उनको बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दी और उसने एक–एक करके तीनों लड़कों को नदी में से निकाला। श्री शैलेन्द्र सिंह को जिला अस्पताल में पहुंचाया गया क्योंकि उसकी दशा बहुत गंभीर थी। तथापि, दो घंटे के बाद उसकी मृत्यु हो गई।

अपनी जान के अत्यधिक खतरे की भी परवाह न करते हुए श्री विक्रम सिंह यादव ने उन दो युवकों को बचाने में अनुकरणीय साहस तथा तत्परता दिखाई।

20. श्री दत्तात्रय गोपाल कदम,
मुकाम तथा डाकखाना करुल,
तालुक वैभववादी,
जिला सिंधदुर्ग (महाराष्ट्र)।

22 जुलाई, 1984, को, एक ट्रक नं० एम० एच० एल०–7166 सड़क के किनारे पर बनी मुंडेर से टकरा गया और लगभग 200–300 फुट गहरी खाई में गिर गया। उस समय श्री कदम, वहां से गुजर रहे थे, और उन्होंने दुर्घटना होते देखी तथा तत्काल गिरे हुए ट्रक के पास पहुंचे। उन्होंने देखा कि ट्रक के नीचे तीन व्यक्ति फंसे हुए थे। ट्रक के पास पहुंचने के लिए वहां कोई पगडंडी आदि नहीं थी, वे किसी अन्य रास्ते से होकर उस स्थान पर पहुंचने में सफल हुए। वह एक-एक तीनों दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान पर ले आए और उनकी प्राथमिक चिकित्सा की तथा उन्हें बस द्वारा कोल्हापुर की डिस्पैंसरी भेजने का प्रबंध किया।

श्री दत्तात्रय गोपाल कदम ने अपनी जान की परवाह किए बिना, गहरी खाई में गिरे हुए ट्रक में फंसे तीन व्यक्तियों को बचाने में अनुकरणीय साहस दिखाया।

21. श्री ध्यानेश्वर नामदेवराव शिन्दे,
गांव भोसा पी० एम० येवतमल सिटि,
तालुका तथा जिला येवतमल (महाराष्ट्र)

28 जनवरी, 1986, को, 2½ साल का एक बच्चा, नरेश बीथोबा रजने, अहाने में खेलते समय, अचानक एक कुंए में गिर पड़ा जो उसके घर से लगभग 100 फुट की दूरी पर था। कुआं 40 फीट गहरा और 12 फीट चौड़ा है और उसमें पानी का स्तर 3 से 4 फुट था। उसकी मां, जो उसको देख रही थी। उसे कुएं में गिरता हुआ देखकर सहायता के लिए चिल्लाती हुई कुएं की तरफ भागी। उसकी चीखों ने श्री ध्यानेश्वर नामदेव राव शिंदे के ध्यान को आकृष्ट किया जो कि लगभग 150 फुट की दूरी पर अपने दोस्त के घर में पढ़ रहे थे। वह तत्काल कुएं की ओर भाग कर वहां पहुंचे और पानी निकालने वाली रस्सी की सहायता से कुंए में उतर गए। उन्होंने बच्चे को (*जो बेहोश हो गया था*) पानी से बाहर निकाला और उसे उस बाल्टी में रखा जो वहां लोगों ने कुएं में लटका दी थी। बच्चे को कुएं से निकाल लिया गया और जनरल अस्पताल पहुंचा दिया गया।

श्री ध्यानेश्वर नामदेवराव शिंदे ने अपनी जान की परवाह न करते हुए बच्चे को बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता दिखाई।

22. श्री किरन अनंत वर्तक,
मुकाम तथा पोस्ट अगाशी,
तालुक बसाई,
जिला थाने (महाराष्ट्र)

23. श्री विनोद नारायण वर्तक,
मुकाम तथा पोस्ट अगाशी,
तालुक बसाई,
जिला थाने (महाराष्ट्र)।

8 अगस्त 1985 को कुमारी रजनी गोपाल वर्तक अपने कपड़े धोने कुएं पर गई और अचानक उसमें गिर गई। इस दुर्घटना को दो स्कूल जाने वाले बच्चों ने देखा जो उधर से गुजर रहे थे। वे सहायता के लिए चिल्लाए। श्री विनोद नारायण वर्तक और श्री किरन अनंत वर्तक जो लगभग 100 फुट की दूरी पर थे ने चिल्लाने की आवाज सुनी और कुएं की तरफ दौड़े। वे दोनों तत्काल ही कुएं में कूद पड़े और लड़की को बाहर निकालकर उसकी जान बचाई।

श्री किरन अनंत वर्तक और श्री विनोद नारायण वर्तक ने अपनी जान की बिल्कुल परवाह न करते हुए डूबती हुई लड़की की जान बचाने में अनुकरणीय साहस व तत्परता का परिचय दिया।

24. श्री शेख खानसाहेब उसमानिया
सेंट सोवियर्स हाई स्कूल,
अहमदनगर।

11 सितम्बर, 1985 को एक 17 वर्ष की लड़की कुमारी सैयद साफिया नादिर कुएं से पानी निकालते हुए अचानक उसमें गिर गई। आस-पास के लोगों ने इसे देखा और कुएं के चारों ओर इकट्ठे हो गए। उनमें से एक श्री शेख खानसाहेब उसमानिया ने अपनी सूझबूझ दिखाते हुए तत्काल ही एक रस्सा लिया और उसे चरखी के लकड़ी के फ्रेम से बांधा। रस्सी की सहायता से वे कुएं में गए जहां पानी की सतह 12 से 15 फुट थी। जब उन्होंने सतह पर भी लड़की नहीं देखी तो उन्होंने पानी में डुबकी लगाई और उसे पकड़ कर सतह पर ले आए। फिर उन्होंने उसकी कमर के चारों ओर एक रस्सा बांधा और वहां इकट्ठे हुए लोगों से उसे बाहर निकालने को कहा। इस कार्य में उनके दोनों हाथ घायल हो गए।

श्री शेख खानसाहेब उसमानिया ने अनुकरणीय साहस का परिचय दिया और अपनी जान की परवाह न करते हुए लड़की की जान बचाने में समय पर कार्रवाई की और बुद्धिमत्ता दिखाई।

25. श्री सुभाष तुकाराम महातरे,
मुकाम तथा पोस्ट कोन ग्राम,
तालुक भिवंडी जिला थाने (महाराष्ट्र)।

16 जून, 1981 को एक महिला ने अपने बच्चे को थाने नाले में फैंक दिया और आत्महत्या करने के लिए स्वयं उसमें कूद पड़ी। श्री सुभाष तुकाराम महातरे जो अपनी साइकिल पर पुल के ऊपर से गुज़र रहे थे, ने इसे देखा। वे रुक गए और तत्काल ही नाले में कूद पड़े। पहले उन्होंने बच्चे को पकड़ा और उसे एक मछियारे को पकड़ा दिया जो बहती हुई ट्यूब पर मछलियां पकड़ रहा था। तब वे डूबती हुई महिला की ओर तैरे, उसे पकड़ लिया और उस महिला के साथ नाले में एक खम्भे से तब तक चिपके रहे जब तक कि एक मछियारा नाव में उन तक पहुंच नहीं गया। श्री महातरे ने उस बच्चे व महिला को नाव में डाला और उन्हें किनारे पर ले आए।

श्री सुभाष तुकाराम महातरे ने अपनी जान के खतरे की परवाह न करके दो जानों को बचाने में अनुकरणीय साहस व चुस्ती दिखाई।

26. श्री विजय कुमार पटनायक,
गांव पड़ापला डाकखाना पंकापाल,
थाना तिरतौल, जिला कटक।

1 मई, 1983 को एक नाव जिसमें कुछ यात्री सवार थे, महानदी नदी में डूब गई। डूबते हुए यात्रियों से सहायता के लिए पुकार सुने जाने पर श्री विजय कुमार पटनायक जो नदी के किनारे पर थे तत्काल ही नदी में कूद पड़े और अभागे व्यक्तियों की ओर तैरने लगे। उन्होंने डूबने से सात व्यक्तियों की जानें बचाईं लेकिन फिर भी चार व्यक्ति इस दुर्घटना में डूब गए।

श्री विजय कुमार पटनायक ने अपनी जान की परवाह न करते हुए सात व्यक्तियों की जानें बचाने में अनुकरणीय साहस व तत्परता का परिचय दिया।

27. श्री कुन्दन कुमार महावर,
मार्फत श्री चन्दालाल महावर,
कोलियों का बास तम्बाकू पाड़ा, लालसोट,
जिला, जायपुर।

12 अगस्त 1985 को मास्टर घनश्याम खण्डेलवाल अपने परिवार के सदस्यों के साथ "मेडा" झील पर पिकनिक के लिए गए थे। झील के किनारे पर जाते समय वह फिसल गए और उसमें गिर गए। इसे देखकर श्री कुन्दन कुमार महावर ने तत्काल ही झील में छलांग लगा दी और डूबते हुए लड़के को पानी से बाहर खींच लाए।

श्री कुन्दन कुमार महावर ने अपनी जान की परवाह न करके डूबते हुए लड़के की जान बचाने में अनुकरणीय साहस व तत्परता का परिचय दिया।

28. श्री गुंजन मिश्रा,
हाउस नं० 81, चौथियाना मैनपुरी (उ० प्र

8 मार्च 1985 को मास्टर गुंजन मिश्रा कुछ लड़कों के साथ चौथियाना मौहल्ला में एक टूटे से मकान में पतंग उड़ा रहे थे। एक 2½ वर्ष का लड़का चेतन चतुर्वेदी जो 4 फुट गहरे पानी के टैंक के पास खेल रहा था अचानक उसमें गिर गया। गुंजन मिश्रा के भाई मास्टर गौरव ने इसे देखा और सहायता के लिए पुकारा। मास्टर गुंजन मिश्रा तत्काल ही पानी के टैंक में कूद पड़े और बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लाए। इस कार्य में वे घायल हो गए।

इस प्रकार मास्टर गुंजन मिश्रा ने अपनी जान की परवाह न करके बच्चे की जान बचाने में अदम्य साहस व बुद्धिमत्ता का परिचय दिया।

29. कुमारी हिमानी उनियाल,
41/1, सुन्दरवाला कैंप,
रायपुर देहरादून।

12 मार्च 1983 को कुमारी हिमानी उनियाल और मास्टर किशोर (उमर 3 वर्ष) एक 3½ फुट गहरे पानी के तालाब के पास खेल रहे थे। खेलते-खेलते मास्टर किशोर टैंक में गिरने वाले थे कि कुमारी उनियाल ने उसकी टांगें पकड़ लीं और सहायता के लिए पुकारा। उनकी चिल्लाने की आवाज़ सुनकर लोग तालाब की ओर दौड़े और बच्चे को तालाब में गिरने से बचा लिया। यदि बच्चा संघर्ष करता तो संभवतः कुमारी उनियाल भी तालाब में गिर जातीं और दोनों ही डूब जाते।

कुमारी हिमानी उनियाल ने अपनी जान की परवाह न करके पानी के तालाब में बच्चे को गिरने से बचाने में अदम्य साहस व बुद्धिमता का परिचय दिया।

सु० नीलकण्ठन, राष्ट्रपति का उप सचिव

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 19 जनवरी 1987

संकल्प

सं० एफ० 6(1)-पी० डी० /86—1986-87 के वित्तीय वर्ष के लिये सामान्य भविष्य निधि और इसी प्रकार की अन्य निधियों के ब्याज की दर के सम्बन्ध में दिनांक 14 अगस्त, 1986 के समसंख्यक संकल्प के द्वारा यथा संशोधित, दिनांक 30 अप्रैल, 1986 के इस मंत्रालय के संकल्प संख्या एफ० 6(1) पी० डी०/86 के सन्दर्भ में।

2. आम जानकारी के लिये यह भी घोषित किया जाता है कि इन निधियों के ऐसे अभिदाताओं को, जो 1986-87 के दौरान सेवानिवृत्त हुए हों, अथवा जिन्होंने 1986-87 में सेवा छोड़ी हो, यह विकल्प प्राप्त होगा कि उन पर 1986-87 में अपनी सेवा अवधि में इस मंत्रालय के दिनांक 22 मई, 1985 के संकल्प संख्या एफ० 6(2)-पी० डी०/85 में, वर्ष 1985-86 के लिये विनिर्दिष्ट ब्याज की दर और प्रोत्साहन बोनस लागू होता रहे।

3. जिन व्यक्तियों के भविष्य निधि के दावे निपटा दिये गये हैं, उन्हें भी इस विकल्प का प्रयोग करने की अनुमति दी जाये।

4. आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाये।

वी० बालसुब्रह्मण्यन,
अपर बजट अधिकारी

पर्यावरण और वन मंत्रालय

(पर्यावरण, वन और वन्यजीव विभाग)

नई दिल्ली-110003, दिनांक 8 जनवरी, 1987

संकल्प

विषय:—वन संरक्षण और प्रबन्ध के लिये प्रबोधन (वन संरक्षण में क्षेत्रीय सलाहकार दल) हेतु क्षेत्रीय सलाहकार दलों की स्थापना।

सं० 37-3/85-एफ० पी०—सरकार ने 5 मई, 1986 के समसंख्यक संकल्प के पैरा 8 के तहत सलाहकार दलों से अनुरोध किया था कि वे संकल्प के विचारार्थ विषयों के अन्तर्गत शामिल विभिन्न मामलों से संबंधित अपनी रिपोर्ट 31 अक्तूबर, 1986 से पहले प्रस्तुत कर दें। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि इन क्षेत्रीय दलों को समस्याओं की जानकारी के लिये संबंधित राज्यों का दौरा करना है, दलों के लिये अपनी रिपोर्टें निर्धारित समय तक प्रस्तुत करना संभव नहीं होगा। अतः भारत सरकार ने यह निर्णय किया है कि ये क्षेत्रीय सलाहकार दल अपनी रिपोर्टें 31 मार्च, 1987 तक प्रस्तुत कर दें।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रति सभी संबंधितों को भेजी जाये।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को आम जानकारी हेतु भारत के राजपत्र में अधिसूचित किया जाये।

एम० के० रणजीत सिंह, संयुक्त सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 5th February 1987

No. 13-Pres/87.—The President is pleased to approve the award of "Sarvattam Jeevan Raksha Padak" to the persons mentioned as under :—

1. Smt. Ilaben Nayankumar Patel,
Bungalow No. 12, Ganjvihar,
Nutan Patidar Society,
Jawahar Chowk, Maninagar,
Ahmedabad-380008.

